आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



SATYA SPORTS
We are deals in professional carrom board and sports goods wood.
Add.- Plot no.11, Sector- 6/1, Shatabdi Nagar, Meerut (U.P.)
Owner - Ujjwal Pal Kalanjari
9927178000, 8193933555

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल मो. : 9358430959 Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 6 मेरठ, गुरुवार 12 फरवरी, 2026 Website:- harikamaldarpan.com कुल पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

### लाखों लोगों ने दी स्वामी सिद्धारामानन्द पुरी को श्रद्धांजलि

## कुरुबा समाज को एसटी का लाभ मिलेगा : सिद्धारमय्या







**बंगलुरु।** भक्ति सम्राट कनकदास पीठ के पीठाधीश्वर परम पूज्य स्वामी सिद्धारामानन्द पुरी के 15 जनवरी को असामायिक निधन के उपरांत उक्त पीठ द्वारा विशाल श्रद्धांजलि आयोजन 1 फरवरी को किया गया जिसमें लाखों के विशाल जनसमूह के समक्ष कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमय्या ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उक्त ट्रस्ट द्वारा संचालित अनेक जनहितकारी योजनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने कर्नाटक सरकार की ओर से एक हॉस्टल व अन्य बेसिक सुविधाओं को उपलब्ध कराने का वादा किया। उन्होंने अपने राजनैतिक कौशल का परिचय देते हुए अपने सम्बोधन द्वारा जनसमूह की बार-बार तालियां बटोरीं। उन्होंने कुरुबा समाज के लिए अनुसूचित जनजाति का लाभ दिलाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जाने का आश्वासन भी दिया। उत्तर भारत की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किये जाने हेतु उत्तराखंड उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश लोकपाल सिंह व अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष विजय सिंह पाल उपस्थित रहे। पूज्य स्वामी जी द्वारा उत्तर भारत व दक्षिण भारत के मेषपाल समाज को एक सूत्र में पिरोये जाने हेतु अथक प्रयास किये गए जिसमें उन्होंने अपने स्वास्थ्य की परवाह ना करते हुए बार-बार उत्तर भारत की यात्राएं कीं। अंतिम बार वे गत नवंबर में लोकपाल सिंह की पुत्री के विवाह में हरिद्वार पधारे थे। स्वामी जी के सहयोग से ही दक्षिण भारत में लोकमाता देवी अहिल्या माँ साहिब की कीर्ति को जन-जन तक पहुँचाने हेतु रामेश्वरम से बंगलुरु तक देवी अहिल्या ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया था। श्रद्धांजलि आयोजन को कनक दास पीठ के वर्तमान पीठधीश्वर श्री श्री निरंजन स्वामी जी ने आयोजित करवाया जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका सत्यपा गुरीकर, जोगी जी व दिल्ली प्रदेश में तैनात पुलिस अधिकारी महादेव ने निभाई। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला शक्ति ने भागीदारी की जिसमें बंगलुरु से डॉ. विजय लक्ष्मी, श्रीमती प्रभावती पाल, डॉ. प्रतिभा पाल, श्रीमती दुर्गा व मैसूर से श्रीमती गजलक्ष्मी अपनी सहयोगियों के साथ पधारीं। **-विजय सिंह पाल**

### मणिकर्णिका घाट व अहिल्याबाई की प्रतिमा को खंडित किए जाने से रोष

## गुजरात पाल महासभा ने दिया राष्ट्रपति व राज्यपाल को ज्ञापन



**वड़ोदरा।** गुजरात पाल महासभा ने जिला अधिकारी के द्वारा राष्ट्रपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से काशी में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की ऐतिहासिक धरोहर मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त किए जाने तथा मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को खंडित किए जाने की घटना पर गहरा आक्रोश प्रकट किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि यह कृत्य केवल एक धरोहर या प्रतिमा को नुकसान पहुँचाने का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण पशुपालक समाज की आस्था, इतिहास और स्वाभिमान पर आघात है। इस घटना से देशभर के पशुपालक समाज में भारी रोष व्याप्त है। गुजरात पाल महासभा की ओर से सरकार से पुरजोर माँग की गई कि मणिकर्णिका घाट पर मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की धरोहर को पुनः यथाशीघ्र भव्य रूप में स्थापित किया जाए। खंडित की गई प्रतिमा को सम्मानपूर्वक पुनः स्थापित किया जाए। भविष्य में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की किसी भी धरोहर, प्रतिमा अथवा स्मृति-चिह्न के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न हो, इसके लिए ठोस और स्थायी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर सदाशिव पाल, नेमसिंह बघेल, पदमनन्द पाल, मानसिंह पाल, जी.डी. पाल, हरीश पाल, रामअवतार पाल, शिवमंगल पाल, रविकांत बघेल सहित समाज के अनेक गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। गुजरात पाल महासभा ने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया है कि देश के किसी भी कोने में यदि पशुपालक समाज के सम्मान, इतिहास या अधिकारों पर आंच आती है तो गुजरात पाल महासभा केवल आवाज ही नहीं उठाती, बल्कि जमीनी स्तर पर संघर्ष और कार्य भी करती है। मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर का अपमान, किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। **-नेमसिंह बघेल**

## खंडवा में धनगर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**खंडवा।** जिले की कसरावत विधानसभा के गांव में धनगर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें समाज के समस्त जिले के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि विमुक्त घुमंतु व अर्धघुमंतु संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान सिंह बघेल थे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष केसर सिंह बागोरिया, राष्ट्रीय सचिव मधुसूदन धनगर व युवा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौधरी भी सम्मिलित हुए। **-ब्यूरो**





## मणिकर्णिका घाट मामला : राष्ट्रपति से की न्यायोचित कार्रवाई की मांग



**चंडीगढ़।** विमुक्त जाति वेलफेयर बोर्ड पंजाब के चेयरमैन बरखा राम ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को पत्र भेजकर उत्तर प्रदेश के काशी में मणिकर्णिका घाट में पुण्यश्लोक माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को प्रशासन द्वारा तोड़े जाने के संबंध में न्यायोचित कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि काशी के मणिकर्णिका घाट क्षेत्र में प्रशासन द्वारा पुण्यश्लोक माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को तोड़ दिया जाना अत्यंत निंदनीय, पीड़ादायक एवं आहत करने वाला कृत्य है। पुण्यश्लोक माता अहिल्याबाई होलकर केवल निमाड़-मालवा क्षेत्र की नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत की प्रेरणास्रोत, न्यायप्रिय शासिका, सुशासन की प्रतीक और नारी नेतृत्व की अमर मिसाल हैं। उन्होंने काशी सहित देशभर में अनेक मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया, प्रजा के लिए न्यायपूर्ण शासन स्थापित किया और भारतीय संस्कृति को सुदृढ़ किया। ऐसी महान विभूति की प्रतिमा को तोड़ना मात्र एक मूर्ति को नुकसान पहुँचाना नहीं है, बल्कि यह न्याय, सुशासन, नारी सम्मान और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर खुला आघात है। यह नैतिक पतन और गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में महापुरुषों और महाविभूतियों के सम्मान की रक्षा करना शासन की संवैधानिक जिम्मेदारी है। प्रतिमा को मलबे में फेंक दिया जाना न केवल असंवेदनशीलता दर्शाता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि प्रशासन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति उदासीन है। पत्र में राष्ट्रपति से अपील की गई है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जाँच कराई जाए, दोषी अधिकारियों एवं व्यक्तियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक पुनः स्थापित कराया जाए। पत्र में कहा गया है कि भारत अपने महापुरुषों और महाविभूतियों के अपमान को कभी स्वीकार नहीं कर सकता। हमें विश्वास है कि आपके संवैधानिक संरक्षण में न्याय अवश्य होगा। **-ब्यूरो**



कृष्ण पाल



वीरेन्द्र कुमार पाल



गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेड़ा, मेरठ

# हरिकमल दर्पण

## बहुत-बहुत धन्यवाद, आभार!



*10 फरवरी को मैं 63 वर्ष का हो गया। इस अवसर पर देशभर से बड़ी संख्या में मुझे जन्मदिन की शुभकामनाएँ मिलीं। शुभकामनाओं का सिलसिला सुबह से प्रारम्भ होकर देर रात तक चलता रहा। समाज के लोगों के इस प्यार और विश्वास के लिए मैं सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करता हूँ। वैसे यह एक कड़वा सत्य है कि जीवन का कोई भरोसा नहीं, मृत्यु ही अटल सत्य है। जो पैदा हुआ है वो एक दिन नष्ट भी होता है, इस सत्य से कोई भी इंकार नहीं कर सकता। फिर भी जब तक जीवन है, हमें सदैव सत्कर्म करते रहना चाहिए। दूसरों की भलाई से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं हो सकता, ऐसा मेरा मानना है। मैंने अपने समाज की चहुंमुखी प्रगति का स्वप्न देखा है और इसे साकार करने के लिए अपने जीवन के इस अंतिम पहर में अपनी पूरी सामर्थ्य से मैं प्रयासरत हूँ। मेरा मानना है कि समाज की चहुंमुखी प्रगति के लिए हमारा अपना एक सशक्त प्रचार माध्यम भी होना बहुत आवश्यक है। हरिकमल दर्पण अपने समाज में जागृति लाने का प्रयास कर रहा है लेकिन अब हम मीडिया की मुख्य धारा में शामिल होने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए हरिकमल दर्पण प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कम्पनी बनाई गई है जोकि एक मीडिया हाउस है। इसी के अंतर्गत हरिकमल दर्पण डॉट कॉम के नाम से न्यूज पोर्टल भी चल रहा है जिसे बहुत बड़े स्वरूप में प्रस्तुत करने के लिए हम प्रयासरत हैं। यह एक अति महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें समाज के सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा है।*

*इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

**-निरंजन सिंह पाल**

# मणिकर्णिका घाट : विकास के नाम पर हुआ सांस्कृतिक अपराध!

काशी का मणिकर्णिका घाट भारत की आत्मा का वह बिंदु है, जहाँ मृत्यु भी संस्कार है और अग्नि भी मोक्ष का माध्यम। लेकिन हालिया घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आज की सत्ता के लिए न आत्मा का महत्व है, न संस्कार का, न परंपरा का। 'विकास' अब एक ऐसा बहाना बन चुका है, जिसके नीचे संस्कृति को दफन किया जा रहा है। मणिकर्णिका घाट पर जो हुआ, वह किसी परियोजना की भूल नहीं थी–वह सोची-समझी प्रशासनिक असंवेदनशीलता थी। समाचार पत्रों, चैनलों और जमीनी रिपोर्टों से यह बात निर्विवाद रूप से सामने आई है कि बिना सामाजिक सहमति, बिना परंपराओं की समझ और बिना धार्मिक संवेदनशीलता के सत्ता ने अपने निर्णय थोप दिए। यह लोकतंत्र नहीं, आदेशतंत्र है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का नाम सत्ता अक्सर अपने भाषणों में लेती है, लेकिन उनके आदर्शों का पालन करने का साहस नहीं दिखाती। अहिल्याबाई ने घाटों का निर्माण नहीं किया था, उन्होंने सभ्यता का संरक्षण किया था। उन्होंने कभी विकास को आस्था का शत्रु नहीं बनाया। आज वही सत्ता, उन्हीं के नाम का उपयोग कर, काशी की आत्मा पर प्रहार कर रही है–यह इतिहास का सबसे बड़ा पाखंड है। सरकार का रवैया इस पूरे प्रकरण में न केवल लापरवाह, बल्कि घमंडी और आत्ममुग्ध रहा है। न समय पर संवाद, न संवेदना, न पश्चाताप। ऐसा प्रतीत होता है कि सत्ता यह मान चुकी है कि आस्था रखने वाले लोग बोलेंगे, थकेंगे और फिर चुप हो जाएंगे। यह सोच लोकतंत्र की नहीं, सत्ता के नशे की उपज है। इसके विपरीत, विपक्ष ने जो भूमिका निभाई, वह लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण है। उन्होंने मणिकर्णिका घाट को एक तकनीकी मुद्दा नहीं, बल्कि सभ्यता से जुड़ा प्रश्न बताया। उन्होंने सरकार को कटघरे में खड़ा किया, सवाल पूछे और जनता की भावनाओं को स्वर दिया। आज जब सत्ता बहरी होती जा रही है, तब विपक्ष की यह मुखरता ही लोकतंत्र की अंतिम दीवार है। लेकिन सबसे शर्मनाक भूमिका भारतीय जनता पार्टी के भीतर पाल समाज से जुड़े उन नेताओं की रही, जिन्होंने इस पूरे प्रकरण पर कायरतापूर्ण मौन धारण कर रखा है, जिनकी राजनीति समाज, संस्कृति और विरासत के नाम पर खड़ी रही, वही नेता आज सत्ता की चाटुकारिता में अपनी रीढ़ गिरवी रख चुके हैं। यह मौन विवशता नहीं, स्वार्थजन्य आत्मसमर्पण है। मणिकर्णिका घाट की घटना यह उजागर करती है कि सत्ता अब संस्कृति को बाधा मानने लगी है। उसे न इतिहास से संवाद चाहिए, न समाज से। यह वही मानसिकता है जो हर पवित्र स्थल को 'प्रोजेक्ट साइट' और हर परंपरा को 'अवरोध' समझती है। आज सवाल केवल घाट का नहीं है। सवाल यह है कि क्या सरकार स्वयं को सभ्यता से ऊपर मानने लगी है? क्या विकास का अर्थ अब केवल ठेका, मशीन और फाइल रह गया है? और क्या सत्ता में बैठे लोग यह भूल चुके हैं कि काशी को कोई सरकार नहीं चलाती–काशी सभ्यता चलाती है? यदि इस प्रकरण पर जवाबदेही तय नहीं हुई, यदि दोष स्वीकार नहीं किया गया और यदि भविष्य में ऐसे स्थलों पर निर्णय लेने की प्रक्रिया नहीं बदली गई, तो यह सत्ता इतिहास में विकासकर्ता नहीं, सभ्यता-भंजक के रूप में दर्ज होगी। मणिकर्णिका घाट जल रहा है लेकिन यह अग्नि केवल चिताओं की नहीं है– यह सत्ता के अहंकार की परीक्षा है और इतिहास में अहंकार हमेशा राख ही हुआ है। काशी चुप नहीं है। मणिकर्णिका घाट केवल सवाल नहीं पूछ रहा–वह सत्ता की संवेदनशीलता की परीक्षा भी ले रहा है और इतिहास में परीक्षाएँ या तो यादगार बनती हैं या फिर सत्ता के लिए कलंक।



**-सुनील कुमार पाल**
महानगर अध्यक्ष, अखिल भारतीय
पाल महासभा, मुजफ्फरनगर
मो. 9870777096

# बुजुर्गों का सम्मान : सशक्त समाज की पहचान!

26 जनवरी को हिंडन मेट्रो स्टेशन के पास गाजियाबाद में पाल समाज संगठन गाजियाबाद द्वारा आयोजित एक विशेष एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति स्थापना की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था, बल्कि सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल भी था। इस अवसर पर पाल समाज संगठन गाजियाबाद की जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। मैं इस संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हृदय से धन्यवाद देता हूं और समाज को इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही, उन सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। आज के समय में यह देखने को मिल रहा है कि समाज में बुजुर्गों की उपेक्षा बढ़ती जा रही है और युवा पीढ़ी को अधिक प्राथमिकता दी जाती है। जबकि यदि हम निष्पक्ष रूप से देखें, तो हमारे बुजुर्गों का संघर्ष हमसे कहीं अधिक कठिन और चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने गरीबी, संसाधनों की कमी, जातिवाद, बेरोजगारी, भुखमरी और सामाजिक असमानताओं के बावजूद हार नहीं मानी, बल्कि डटे रहे, संघर्ष करते रहे और समाज को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया। ऐसे में उनका सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारा नैतिक कर्तव्य है। इस कार्यक्रम के दौरान हरीश पाल (अर्थला) को सामूहिक रूप से पाल समाज संगठन गाजियाबाद का अध्यक्ष घोषित किया गया जिन्होंने हिंडन मेट्रो स्टेशन के पास लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित करने एवं कई कार्यक्रम आयोजित करने में विशेष आर्थिक योगदान दिया, इसके लिए उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है, जो समाज के लिए एक सकारात्मक और सशक्त नेतृत्व की ओर संकेत करता है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में रामकिशोर पाल (कोषाध्यक्ष) एवं रामनिवास पाल (लोनी, बेहटा) का विशेष योगदान रहा। वहीं, कार्यक्रम के कुशल संचालन एवं होस्टिंग की जिम्मेदारी कृष्ण पाल (सेवानगर) ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाई। कार्यक्रम के दौरान रामकिशोर पाल द्वारा पिछले कुछ वर्षों में हुए आय-व्यय का विस्तृत एवं पारदर्शी विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसकी उपस्थित समाजजनों ने खुले मन से सराहना की। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि किसी भी संस्था को सफलतापूर्वक चलाने के लिए विश्वास, ईमानदारी और पारदर्शिता कितनी महत्वपूर्ण होती है और पाल समाज संगठन के कार्यकारी पदाधिकारियों ने इन मूल्यों का बखूबी निर्वहन किया है। इस आयोजन में समाज के विशिष्ट व्यक्तियों के साथ-साथ आम लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे कार्यक्रम और अधिक जीवंत एवं सफल बन सका। साथ ही, उभरते हुए कलाकारों को अपनी गायन कला प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया, जो युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। अंत में, मैं यही कहना चाहूंगा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर होते रहने चाहिएं ताकि समाज में बुजुर्गों और पूर्वजों के प्रति सम्मान की भावना और अधिक मजबूत हो, सामाजिक एकता को बल मिले और आने वाली पीढ़ियों को संस्कार, सम्मान और जिम्मेदारी का सही संदेश मिल सके। यह आयोजन निश्चय ही एक आदर्श उदाहरण है, जो अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।



**-नवीन पाल,** फखरपुर
सब फायर ऑफिसर, हरियाणा
मो. 9871007745

# पाल, बघेल, गड़ेरिया समाज को ईमानदार नायक कब मिलेगा?

गडरिया समाज अपनी उन्नति करते करते आज गाँव से निकलकर शहरों में रह रहा है। स्वाभाविक है कि गाँव वालों से ज्यादा पढ़ा-लिखा है। माँ-बाप के ग्रामीण परिवेश के लालन-पालन से अलग हटकर अपने बच्चों को ठीक तरह से पढ़ा-लिखा रहा है। मेरा मानना है कि उसने खुद भी शहरी जीवन में जाने के बाद भारतीय जीवन शैली को भी पढ़ा है। उसने भी समाज के अन्य समाजों को पढ़ करके वह सब चीजें सीखीं जिससे लोग उसे भी पढ़ा-लिखा समझें। यहाँ तक तो ठीक था, लेकिन गाँव का जहाँ गडरिया समाज मास्टर, लेखपाल और सिपाही हो करके अपने परिवार की स्थिति को मजबूत किया वहीं दूसरी ओर शहरों में व्यवसाय और अन्य छोटे-मोटे धंधे-रोजगार से निस्सन्देह उसने पूर्वजों का मान बढ़ाया है। लेकिन उसी व्यवस्था में पल-बढ़कर धंधा-रोजगार करके उसने जो मानसिक चालबाजियां सीखीं वह बड़ी घातक साबित हुईं। इस जाति की जो प्रतिष्ठा एक ईमानदार कौम की थी, आज धूमिल हुई है। कारण मैंने संकेत किया एक मानसिक स्तर जहाँ पर खड़ा होकर वह अपना मूल्यांकन करने में विफल रहा है। वह इस प्रकार की सोच में लगा रहा है जो जाति की एकता में बाधक साबित हुआ। अधकचरा शिक्षित किसी की भी मानसिक गुलामी का शिकार हो जाता है। वह कहीं धनगर से झूठा प्रमाण पत्र बनवा लेता है और कहीं घुमंतू जाति से अनुसूचित जनजाति का झूठा लाभ लेने के लिए चल पड़ता है। अब देश में लोकतांत्रिक सरकार में आवाज का महत्व सर्वमान्य उसे लगता है, वह फिर अपनों को बेवकूफ बनाने के लिए गुटबाजी-पार्टीबंदी करता है। आज यही सब चारों ओर नजर आ रहा है। एक दर्जन से अधिक राष्ट्रीय अध्यक्षों वाला समाज इतना अविश्वसनीय हो चला है कि उसके नायक आज समाज को दिशाहीन दशा में ला करके खड़ा कर दिए हैं, सब मंचों से अपनी-अपनी गाथा गा रहे हैं। कोई क्षत्रिय बता रहा है, कोई अम्बेडकरवाद के प्रभाव में आ करके गंगा गये गंगादास और जमुना गये जमुनादास बना हुआ है। बेचारा पशुपालक भेड़ चराने वाला मंचों से अपना भला करने वालों को भाषणबाजी में मस्त-व्यस्त लगा देखकर तालियां बजाकर अपने काम में लग जाता है और लोकतंत्र के मेले में नायक उसके वोटों को बेचने का काम करना सीख करके यही सब कर रहे हैं। यह आज सबसे बड़ा सवाल है कि समाज को ईमानदार नायक कब मिलेगा? इस पर कौन काम करेगा?



**-जगदीश प्रसाद पाल,** उन्नाव
मो. 9794866822

# सामाजिक सशक्तिकरण के लिए संगठन का विस्तार करें!

राष्ट्र के विभिन्न राज्यों में, ग्रामीण क्षेत्रों में, शहरी क्षेत्र में, महानगर में और विदेशों में गडरिया समाज के भाई-बहन बड़ी संख्या में निवासरत हैं। समाज की रीति-नीति का निर्धारण समाज के सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक विकास, स्वाभिमान, संस्कृति, शिक्षा-रोजगार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर और विभिन्न राज्यों में राज्य स्तर के संगठन सामाजिक और राजनीतिक बने हुए हैं। कहीं-कहीं यह संगठन अखिल विश्व स्तर पर भी बने हुए हैं। समाज के विभिन्न संगठनों की संरचना समाज के हितों के लिए की गई है। समाज हित के लिए बनाए गए संगठन के क्रियाकलापों पर जब हम विचार करते हैं, राजनीतिक संगठनों को जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि यह संगठन जो बने हुए हैं वह राष्ट्रीय स्तर के लिखने के लिए तो हैं लेकिन इन संगठनों का विस्तार विभिन्न राज्यों में, जिलों में, ब्लॉक में, ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं है। समाज के जो संगठन हैं वह अपने क्षेत्रीय स्तर पर ही सक्रिय रहते हैं। ऐसे संगठनों का विस्तार होना समाज के हित में नितांत आवश्यक है। उदाहरण के लिए मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश में जो संगठन राज्य स्तर पर कार्यरत हैं उन्हें अपने प्रदेश के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष व ग्राम अध्यक्ष बनाकर उन्हें एक सूत्र में जोड़कर सशक्त बनाने की कार्यवाही करनी चाहिए। इसी तरह राष्ट्रीय संगठन को राष्ट्र के प्रत्येक राज्य में प्रदेश अधिकारी नियुक्त करना चाहिए और उनके माध्यम से समाज को एक सूत्र में एक मंच में लाने का प्रयत्न करना चाहिए। जो सामाजिक संगठन बने हुए हैं उनका विस्तार किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सामाजिक क्रियाकलापों की जानकारी भली प्रकार से पहुंच सके और वे उसका लाभ उठा सकें। यह देखा जाता है कि राज्य स्तर की बैठक होने के बाद जिला और ब्लॉक तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए सामाजिक बैठक में क्या निर्णय हुआ, क्या उनके क्रियाकलाप हैं, उसकी कोई जानकारी नहीं हो पाती और न ही लिखित में उसका कोई प्रचार किया जाता है। इसी कारण समाज का संगठन बने रहने के बाद भी वह उपयोगी नहीं होता, सशक्त नहीं होता और इसी के कारण आज देश में हमारे समाज के लोगों को अपमानित होना पड़ता है, प्रताड़ना सहनी पड़ती है। लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर की प्रतिमाओं को तोड़ दिया जाता है, उसका भी यह एक महत्वपूर्ण कारण है कि हमारे सामाजिक संगठन सशक्त नहीं हैं। सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का यह संयुक्त दायित्व होता है कि वह संगठन को सशक्त बनाने के लिए, विस्तार करने के लिए क्षेत्र में भ्रमण करें, क्षेत्र के लोगों के साथ संवाद स्थापित करें और संगठन को सशक्त बनाने के लिए प्रयास करते रहें। संकल्प लें कि हम अपने सामाजिक संगठन को सशक्त बनाएंगे और अपने स्वाभिमान की रक्षा करेंगे।



**-नारायण प्रसाद पाली**
प्रांतीय प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़
मो. 9575761235

## अखिल भारतीय ओबीसी महासभा उत्तराखंड इकाई की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

# रामवचन राजभर राष्ट्रीय सचिव व सियाशरण यादव प्रदेश अध्यक्ष बने

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय ओबीसी महासभा, उत्तराखंड इकाई की आकस्मिक बैठक का आयोजन उपाध्यक्ष विजय सिंह पाल की अध्यक्षता में प्रादेशिक कार्यालय पाल मैन्सन जमुना पैलेस में हुआ जिसमे प्रादेशिक संगठन की कार्यकारिणी के नए सिरे से गठन पर विचार-विमर्श हुआ। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामवचन राजभर को राष्ट्रीय सचिव व उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष के रूप में सियाशरण यादव का नाम प्रस्तावित हुआ। सभी सदस्यों ने सर्व सहमति से उपरोक्त निर्णय को स्वीकार किया।



बैठक में भारत सरकार द्वारा लागू नए यूजीसी कानून के समर्थन में निर्णय लिया गया तथा उपरोक्त के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित याचिका के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह प्रार्थना भी प्रस्तुत करने का निर्णय स्वीकार किया गया कि उपरोक्त याचिका की सुनवाई तीन न्यायाधीशों की बेंच के समक्ष की जाय जिसमे क्रमशः अनुसूचित, ओबीसी व सवर्ण वर्ग के न्यायाधीश सम्मिलित हों। ऐसा किया जाकर स्वाभाविक न्याय की अवधारणा को राष्ट्रीय स्तर पर सर्व सहमति प्रदान होगी। उपरोक्त के सम्बन्ध में एक व्यापक जनहित ज्ञापन भी महामहिम राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक को धर्मेन्द्र लोधी, मुकेश कुमार, गुरुदत्त धीमान, गिरीराज किशोर लोधी, नेत्रपाल प्रजापति, विमलेश कुमार सिन्हा, घनश्याम विश्वकर्मा आदि ने भी संबोधित किया। **-ब्यूरो**

## धनगर महासभा ने जागरूकता अभियान चलाया

**टूंडला।** 8 फरवरी को आलमपुर, पूपगढ़, हाथवंत आदि गांवों में धनगर महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें धनगर जाति को प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए अधिकार बताए गए। धनगर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और मानवाधिकार सर्वेक्षण के जिला अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट ने कहा कि हक अधिकारों को प्राप्त करने के लिए समाज में जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि धनगर समाज की उन्नति तभी संभव है जब समाज में व्याप्त कुरीतियों नशा, धूम्रपान, बाल विवाह, अशिक्षा, पाखंडवाद, अंधविश्वास और मृत्युभोज जैसी बुराइयों पर रोक लगे। समाज के बुद्धिजीवी, शिक्षक, अधिवक्ता, डॉक्टर, इंजीनियर, मंत्री, विधायक और राजनेता जब तक समाज को हक दिलाने में एकता नहीं दिखाएंगे तब तक समाज



इसी तरह हक के वंचित बना रहेगा। जागरूकता अभियान में डॉ. प्रेमदत्त धनगर, रामवीर सिंह धनगर, गंगा लाल धनगर, कीरत सिंह धनगर, मुल्तान सिंह, ममता धनगर, भगवान सिंह धनगर, भूरी सिंह, रामस्वरूप ठेकेदार, दीपक, शशि धनगर, राम खिलाड़ी धनगर, रामनरेश धनगर, छोटेलाल धनगर, कृष्ण धनगर, उमाशंकर धनगर, सुनौली धनगर, अतर सिंह धनगर, कृष्णा धनगर, रामबाबू धनगर, किशन लाल धनगर, मुल्तान सिंह धनगर, अशोक धनगर, रामदास, अरविंद धनगर, नेत्रपाल धनगर, रामदयाल धनगर, अशोक धनगर, भारत सिंह धनगर आदि ने भाग लिया। **-ब्यूरो**

## एसपी सिंह बघेल ने नियुक्ति पत्र बांटे



**दिल्ली।** 9 फरवरी को ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नियुक्ति पत्र प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल केंद्रीय राज्यमंत्री ने अपने निवास पर दिए। महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश बघेल ने प्रमाण पत्र देने के लिए उनका आभार जताया। **-ब्यूरो**

## समाज के सर्वांगीण विकास हेतु सामूहिक प्रयास की अपील

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ गडरिया ढेंगर समाज के प्रदेश संगठन महामंत्री महेश पाली ने संगठन के पदाधिकारियों से अपील की है कि समाज के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने क्षेत्र में सामूहिक प्रयास करें। नारायण प्रसाद पाली वरिष्ठ नागरिक गडरिया समाज ने बताया कि महेश पाली द्वारा प्रदेश के पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में वार्षिक सम्मेलन करने, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ समाज के व्यक्तियों को मिले, इसके लिए भी सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया है। **-ब्यूरो**



## उदय जनहित सेवा संस्था ने अपना तीसरा स्थापना दिवस मनाया

**गौतमबुद्धनगर।** उदय जनहित सेवा संस्था ने अपना तीसरा स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। संस्था के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर ओमवीर सिंह बघेल ने कहा कि संस्था स्वस्थ भारत शिक्षित भारत पर काम कर रही है। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डाक्टर दिनेश कुमार बघेल ने शोषित वंचित समाज का उत्पीड़न रोकने, गरीब बच्चों को शिक्षा और ठंड में गर्म कपड़े वितरित करने की बात कही। संस्था ने राष्ट्रीय पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अहसान खान को उनके कार्यों के लिए सम्मान पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संस्था ने इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा को भी सम्मान पत्र एवं शॉल व गमला देकर





सम्मानित किया। इस मौके पर एडवोकेट एमसी बघेल, अशोक बघेल, सर्वेश बघेल सचिव, राजेश कुमार बघेल, सत्यम शर्मा, सुजीत चौधरी आदि उपस्थित रहे। **-ब्यूरो**

## युवा व्यवसायी रामनरेश धनकर भोपाल में सम्मानित



**बिलासपुर।** ग्राम पड़रिया ब्लॉक तखतपुर निवासी युवा व्यवसायी रामनरेश धनकर को एल.आई.सी. में उत्कृष्ट व्यवसाय करने के लिए भोपाल में टी.एस. भाटिया जोनल अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। नारायण प्रसाद पाली वरिष्ठ नागरिक गडरिया समाज छत्तीसगढ़ ने बताया कि इस अवसर पर बिलासपुर शाखा प्रबंधक, विकास अधिकारी के साथ ही समाज एवं परिवार के लोगों ने उन्हें बधाई दी। **-ब्यूरो**

## डॉ. निहाल सिंह ने 25 गांवों में मनाई रविदास जयंती

**बिजनौर।** विकासखंड कोतवाली के वार्ड नंबर 7 से डॉक्टर निहाल सिंह पाल भावी प्रत्याशी ने संत गुरु रविदास की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए 1 फरवरी को लगभग 25 ग्राम क्षेत्रों के कार्यक्रम में भाग लिया। संत गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में उनके विचारों को व्यक्त किया। डॉक्टर निहाल सिंह पाल का जगह-जगह स्वागत किया गया। डॉक्टर निहाल सिंह ने कहा कि देश में जाने-माने संत गुरु रविदास की जयंती पूरा भारत मना रहा है। ग्राम इनायतपुर, जाफरपुर, भोजावाला, लोहार वाली, अहमदाबाद, किशनपुर, कुंडा, भगवानपुर, हम्जापुर, कटहल, नइयो वाला, दुधराजपुर, रायपुर, गाड़ी, टांडा, सिक्का वाला, नकीपुर, ढील, कुंजता, नूरपुर, राव शामली, फूल नगर, इस्लामाबाद,





मुजफ्फरनगर आदि गांवों में उन्होंने संत रविदास की जयंती कार्यक्रम में सैकड़ों समर्थकों के साथ भाग लिया। उनके साथ वीरेंद्र सिंह धनगर, सुरेंद्र सिंह धनगर, कृष्ण गोपाल धनगर, जयप्रकाश पाल, ओमपाल पाल, सुरेश पाल, घसीटा सिंह पाल, पुरषोत्तम सिंह पाल, वीरेंद्र सिंह अध्यक्ष आदि रहे। **-बृजपाल सिंह**

## हमारे नए आजीवन सदस्य

### 1. श्री सुनील कुमार पाल (मुजफ्फरनगर)



युवा समाजसेवी श्री सुनील कुमार पाल ने हरिकमल दर्पण की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। इनके पिता का नाम श्री दयाचंद पाल है। इन्होंने एमए, एलएलबी तक शिक्षा ग्रहण की है। ये वर्तमान में अखिल भारतीय पाल महासभा मुजफ्फरनगर के महानगर अध्यक्ष हैं। इनका पता है- 1136, गली नंबर-2, आदर्श कॉलोनी, लिंक रोड, मुजफ्फरनगर। इनका मोबाइल नम्बर 9870777096 है।

### 2. श्रीमती प्रेमवती पाल (दिल्ली)



सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं भाजपा नेत्री श्रीमती प्रेमवती पाल ने हरिकमल दर्पण की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। ये 328, कड़कड़डूमा गांव, दिल्ली की निवासी हैं। इनका जन्म 2 फरवरी 1982 को मेरठ के नंगलाताशी में हुआ था। इनके पिता का नाम श्री देशराज पाल व माता का नाम श्रीमती रघुवीरी देवी है। इन्हें बचपन से ही समाजसेवा का शोक था। इनका विवाह वर्ष 1992 में श्री मीरसिंह पाल के साथ हुआ। इनके 2 पुत्र हैं ये भारतीय जनता पार्टी की क्षेत्रीय मंडल अध्यक्ष तथा हिन्दू फेडरेशन महिला मोर्चा की अध्यक्ष हैं। सामाजिक व राजनीतिक क्रियाकलापों के साथ ये पीएचडी की डिग्री हासिल करने के लिए भी प्रयासरत हैं। इनका मोबाइल नम्बर 8700793001 है।

## माता राम बेटी वृद्धा आश्रम में मनाई स्व. सहदेई पाल की दूसरी पुण्यतिथि

**दिल्ली।** हरिकमल दर्पण के हरियाणा प्रभारी श्याम शंकर पाल उर्फ सचिन ने अपनी माता स्व. सहदेई पाल की दूसरी पुण्यतिथि यहां राम बेटी





वृद्धा आश्रम मुकरबा चौक में मनाई। इस अवसर पर उनकी बहन ललिता बघेल, श्रीमती भोजरानी पाल, जे.डी. पाल, राम प्रकाश पाल, आश्रम की कोर कमेटी के सदस्य, रामसुख पाल, बेटी लवी पाल, पल्लवी पाल, बेटा अभिनव पाल आदि साथ रहे। सभी ने मिलकर आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को दोपहर का भोजन कराया तथा फल भी बांटे। साथ में मिलकर भजन भी किया गया। उन्होंने सभी से अपील की है कि बर्थडे, शादी की सालगिरह, माता-पिता की पुण्यतिथि माता राम बेटी वृद्धा आश्रम में ही मनायें, ताकि बेसहारा लोगों को मदद मिल सके। **-ब्यूरो**

## गडरिया ढेंगर समाज के लोग छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष से मिले

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ गडरिया ढेंगर समाज नवागांव के नागरिकों ने डॉक्टर रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष से उनके आवास पर भेंट की एवं उन्हें लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का छायाचित्र भेंट किया तथा भगवान महाकाल की ओर से उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। नारायण प्रसाद पाली वरिष्ठ नागरिक छत्तीसगढ़ ने बताया कि इस अवसर पर महेश पाली गडरिया ढेंगर समाज प्रदेश



संगठन महामंत्री छत्तीसगढ़, उनके पिताजी काशीराम पाली, श्रीमती कमला पाली, नंदकुमार पाली, रमेश कुमार पाली, आकाश पाली एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। **-ब्यूरो**

## सरस्वती साधना परिषद मैनपुरी के वार्षिकोत्सव में वरिष्ठ कवि पहुँची लाल धनगर विषधर सम्मानित

**फिरोजाबाद।** सरस्वती साधना परिषद मैनपुरी का वार्षिकोत्सव मैनपुरी स्टेशन रोड स्थित एकरसनिंद्र आश्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिषद द्वारा कवि एवं साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के समस्त पदाधिकारियों ने वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार पहुंची लाल धनगर विषधर 'वासुदेवमई' शिकोहाबाद को सरस्वती सम्मान से अलंकृत किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित



कविगणों ने अपनी-अपनी रचनाओं का काव्य पाठ कर साहित्यिक वातावरण को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में आए सभी कवि एवं साहित्यकारों का भी परिषद की ओर से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कवि पहुंची लाल धनगर विषधर को हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## इंजी. प्रमोद कुमार बघेल को किया गया सम्मानित

**गाजियाबाद।** रोटरी वरदान ब्लड सेंटर द्वारा आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में इंजी. प्रमोद कुमार बघेल को रक्तदान करने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह रक्तदान शिविर 8 फरवरी को इंदिरापुरम में



आयोजित किया गया था। उल्लेखनीय है कि इंजी. प्रमोद कुमार बघेल नियमित रूप से रक्तदान करते रहते हैं। इस सम्मान के लिए हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

# गडरिया ढेंगर समाज धमधा गंडई परिक्षेत्र की सामाजिक जनगणना पूर्ण





**तखतपुर।** धमधा गंडई राज परिक्षेत्र छत्तीसगढ़ गडरिया ढेंगर समाज के शंकर पाल जिला अध्यक्ष, अशोक पाल जिला सचिव एवं परिक्षेत्रीय कार्यकारिणी के चेतन पाली, जयराम पाली, संतोष पाल, केशव पाली, लिंकेश्वर धनकर, रोशन पाल, संतोष पाली एवं परिक्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष यशवंत पाल, सचिव रूपेंद्र धनकर और युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारिगण तथा सेक्टर अध्यक्ष गण-रमेश पाली, श्रवण पाली, नंदकुमार पाली, ईश्वर पाल, समय धनकर, बेदराम पाल, जितेंद्र हंसा, गुमान धनकर, प्रेमलाल पाल व समस्त सेक्टर पदाधिकारी गणों के सहयोग से संपूर्ण 52 ग्राम में सामाजिक जनगणना का कार्य संगठन को सशक्त बनाने के लिए पूर्ण किया गया। नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि जिले के समस्त 52 ग्राम में कुल जनसंख्या 3286 है जिसमें 535 परिवार हैं। पुरुष 1640 व महिला 1646 हैं। विवाह योग्य युवक 197 एवं विवाह योग्य युवतियां 132 हैं। इस कार्य में महतो इंदूराम धनकर, गोविंदराम धनकर प्रदेश अध्यक्ष, संरक्षक राधेलाल पाल, प्रदेश प्रवक्ता मनीराम पाली, महेश पाली प्रदेश संगठन मंत्री, निरंजन लाल धनकर मीडिया प्रभारी, डॉक्टर बोधेराम पाली प्रदेश सचिव, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश धनकर, प्रदेश कार्यकारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विनोद पाली, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष लोकनाथ पाली, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ महासचिव एवं परिक्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती ममता पाल तथा परिक्षेत्रीय महिला प्रकोष्ठ सचिव श्रीमती प्रतिमा धनकर, संतु धनकर, अश्वनी धनकर एवं समाज के समस्त सेक्टर प्रभारियों का सहयोग रहा। **-नारायण प्रसाद पाली**

# छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ ने किया सामाजिक जनगणना का आह्वान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय हंसा द्वारा सर्व गडरिया समाज के फिरका प्रमुख अध्यक्ष, ढेंगर, झेरिया, देसहा, निखर, झाडे-वराडे समाज के पदाधिकारियों से आग्रह किया गया है कि अपने-अपने समाज की सामाजिक जनगणना ग्राम से लेकर प्रदेश स्तर पर संपन्न करने का कष्ट करें ताकि संपूर्ण प्रदेश की सामाजिक जनगणना वास्तविक सांख्यिकी जानकारी छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ के पास उपलब्ध रहे। नारायण प्रसाद पाली वरिष्ठ नागरिक गडरिया समाज से चर्चा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय हंसा ने सभी फिरका प्रमुखों से आग्रह किया कि जनगणना में परिवार के सदस्यों की आयु, शिक्षा, रोजगार, वैवाहिक स्थिति व गोत्र का स्पष्ट उल्लेख करें जिससे छत्तीसगढ़ में हमारा गड़रिया समाज का एकीकरण का उद्देश्य पूरा हो सके। **-ब्यूरो**

# देसहा गडरिया (पाल) समाज का महाधिवेशन पीथमपुर में 21 से

**तखतपुर।** कलेश्वरनाथ, शिव धाम पीथमपुर जांजगीर चांपा में देसहा गडरिया (पाल) समाज का दो दिवसीय अधिवेशन नए सामाजिक भवन में 21 से 22 फरवरी तक संपन्न होगा। नारायण प्रसाद पाली वरिष्ठ नागरिक गडरिया समाज छत्तीसगढ़ ने बताया कि हसदेव नदी के किनारे पावन शिव तीर्थ में सम्मेलन का शुभारंभ भगवान शिव एवं लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर का पूजन अर्चन कर किया जाता है। यह 63वां महाधिवेशन है। महाधिवेशन की तैयारी में समाज के जोतराम भेड़पाल, मेघनाथ भेड़पाल, सुंदर भार्गव संरक्षक, संभागीय अध्यक्ष लखनलाल भार्गव, उपाध्यक्ष शिव शंकर भार्गव, ईश्वर भेड़पाल, सचिव राजकुमार पाल, सहसचिव संतोष भेड़पाल, समस्त पदाधिकारी, पाली प्रमुख, महिला प्रकोष्ठ एवं सामाजिक भाई-बहन जुटे हुए हैं। **-ब्यूरो**

# विधायक मिथलेश पाल ने दी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई



**मुजफ्फरनगर।** मीरापुर विधायक मिथलेश पाल ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय राठी को उनके निजी आवास पर पहुंचकर बधाई दी। श्रीमती मिथलेश पाल ने अपने सभी पदाधिकारियों व समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुजफ्फरनगर राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संजय राठी के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों ने एकजुटता दिखाते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी ने जयंत चौधरी जिंदाबाद के नारों के साथ उत्साह बढ़ाया। **-शरद पाल**

# बोर्ड परीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएँ



**शाजापुर।** विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतु जनजाति महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं कार्यालय प्रभारी मधुसुदन धनगर ने मध्यप्रदेश बोर्ड के सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएँ दी हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि बोर्ड की 12वीं व 10वीं कक्षा की परीक्षाएँ प्रारंभ हो चुकी हैं। परीक्षा केवल ज्ञान की नहीं, बल्कि आपके आत्मविश्वास, अनुशासन और परिश्रम की भी परीक्षा होती है। आपने पूरे वर्ष जो मेहनत की है, उसी पर विश्वास रखकर शांत मन और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा दें। सफलता उन्हीं को मिलती है जो धैर्य और लगन से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं। समय का सदुपयोग करें, प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और आत्मविश्वास के साथ उत्तर लिखें। याद रखें-मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। उन्होंने विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति महासंघ की ओर से सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं उत्कृष्ट परिणाम की कामना की है। **-ब्यूरो**

# समाज के लोगों से आपसी मतभेदों को भुलाकर एक पटल पर आने की अपील



**शाहजहांपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर यूथ ब्रिगेड भारत के प्रदेश अध्यक्ष सुदेश कुमार पाल व जिलाध्यक्ष के.पी. सिंह पाल ने एक संयुक्त बयान जारी कर समाज के सभी लोगों से अपील की है कि सभी लोग आपसी मतभेदों को भुलाकर एक पटल पर आने का प्रयास करो, तभी आप लोगों को मान-सम्मान मिलने की सम्भावनाएं हैं। अन्यथा अन्य समाज के लोगों के पीछे-पीछे चलना पडेगा। उन्होंने कहा कि आज के बदलते दौर में जहाँ बहुजनों (एससी, एसटी और ओबीसी) के हक और अधिकारों को खत्म करने, उनके बच्चों की शिक्षा को खत्म करने, उनके बच्चों के रोजी-रोजगार जैसी मूलभूत आवश्यक सुविधाओं को बहुत ही ऊंचे स्तर से बाधित करने का काम कुछ खास लोग करने में लगे हुए हैं। सबसे खास बात तो यह है कि हमारा समाज आज सबकुछ जानने और देखने के बावजूद उन्हीं को पूजने या उनके बनाये हुए कानून-कायदों को मानते आ रहे हैं। उनके कानून-कायदों का बहुत दूर-दूर तक भारतीय संविधान से सरोकार नहीं है। बयान में कहा गया है कि यूजीसी एक ऐसा कानून है जिसमें बहुजनों की सुरक्षा निहित है। इसके बावजूद वह लोग इस कानून का विरोध कर रहे हैं जो पहले से हिन्दू राष्ट्र बनाने की वकालत कर रहे हैं। वह लोग अपना काम कर रहे हैं। लेकिन हम लोग नादान होकर उन्हीं का आज भी समर्थन कर रहे हैं। अब हमें विचार करना है कि हमारा समाज आज किस स्तर पर है। अगर संघर्ष की जरूरत है तो जरूर करो। **-ब्यूरो**

## मेरठ में हरिकमल दर्पण के सदस्य बनने, समाचार, लेख, विज्ञापन आदि देने के लिए आप हमारे संरक्षकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं-

1. **श्री कृपाल सिंह पाल** (राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. पाल महासभा)
   142, ऋषिपुरम, रोहटा रोड, मेरठ। मो0 9997933726
2. **सूबेदार हरपाल सिंह पाल** (पूर्व महासचिव , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   638/50, न्यू सैनिक कॉलोनी, खिर्वा रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 9758196520
3. **श्री रमेश चन्द पाल**, पार्षद पति (संरक्षक, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   पाल धर्मशाला, रिठानी, मेरठ। मो0 9457033344
4. **एडवोकेट रामकरण सिंह पाल** (कानूनी सलाहकार , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   ग्राम-घाट, डॉ0-पाँचली खुर्द, जिला मेरठ। मो0 8630647665
5. **श्री जयपाल सिंह पाल**, (पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, मोहकमपुर, मेरठ। मो0 9319949709
6. **श्री सत्यपाल कलंजरी** (अध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   कार्यालय : प्लॉट नं0 11, सेक्टर-6-1, पैंठ रोड, शताब्दी नगर, मेरठ।
   निवास : बी-228, सेक्टर-1, शताब्दी नगर, मेरठ। मो0 9837182284
7. **श्री महेन्द्र पाल (मिर्ची)** (उपाध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   प्रतिष्ठान: कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, 75, गडोदिया मार्केट फर्स्ट फ्लोर, खारी बावली, दिल्ली-6
   निवास: 50/7, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली, गाजियाबाद। मो. 8766371312, 8057545916
8. **श्री अमित कुमार पाल** (मेरठ महानगर अध्यक्ष, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   दुकान : शॉप नं0 2, कला मंदिर वाली गली, पैंठ एरिया, लालकुर्ती,मेरठ कैंट।
   निवास : 121/14, प्रगति नगर, दयावती एकाडेमी वाली गली, मेरठ। मो0 9927880107
9. **ठेकेदार कमल पाल सिंह** (मेरठ मंडल महासचिव, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   377, नई गोविन्दपुरी, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट । मो0 8006567896
10. **श्री दीपक पाल** ( अध्यक्ष, अ.भा. युवा पाल महासभा मेरठ)
    दुकान: पाल साड़ी महल, मैन मार्किट, गोलाबढ़, रोहटा रोड, मेरठ।
    निवास: ग्राम खड़ौली, मेरठ। मो0 9897876137

## निःशुल्क कानूनी सलाह लें!

पाल समाज के व्यक्तियों के लिए 'हरिकमल दर्पण' निःशुल्क कानूनी सलाह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए सम्पर्क करें-

1. **श्री राजकुमार सिंह पाल एडवोकेट,**
   सी-10, पांडव नगर, मेरठ। मो0 9837474234
2. **श्री रामकरण पाल एडवोकेट**
   ग्राम-घाट, डा0-पाँचली खुर्द, मेरठ। मो0 8630647665
3. **श्री महेन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   ए-20/3, रॉयल पार्क, पल्लवपुरम फेस 1, मेरठ। मो0 8954682770
4. **श्री मेहर सिंह पाल एडवोकेट**
   721, नंगलाताशी, कंकरखेड़ा मेरठ कैंट। मो. 9259444219
5. **श्री सत्येन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   हाईकोर्ट सीट नं0 80, अम्बेडकर हॉल, न्यू लाईब्रेरी के नीचे, हाईकोर्ट, इलाहाबाद।
   कार्यालय: 40-ए, धर्मवीर मार्ग, सुलेम सराय, इलाहाबाद। मो0 7668937169, 9451506915
6. **श्री लखमी चंद पाल एडवोकेट**
   383, पर्वतीया कॉलोनी, एन.आई.टी, फरीदाबाद। मो. 9811444654
7. **एडवोकेट नीरज पाल**
   फ्लैट नम्बर 1 बी, डी.आई.जेड एरिया, ब्लॉक 50, सेक्टर 2, काली बाड़ी मार्ग,
   कनॉट प्लेस, दिल्ली-110001, मो.9911752988
8. **श्री सुभाष पाल एडवोकेट**
   पाल सेवा समाज, एस.आर. मॉडर्न स्कूल एंड एजुकेशन, CPJ 2nd, 59 न्यू सीलमपुर, दिल्ली-110053,
   मो. 9818744044, 8700153018 (WWW.PAL333.COM)
9. **श्री राजीव कुमार पाल एडवोकेट**
   चैंबर नं.19, हाईकोर्ट, प्रयागराज, मो. 9368267447,8533029001
10. **एडवोकेट विवेक पाल 'टाइगर'**
    टेबिल नंबर 8, ओल्ड लाइब्रेरी, उत्तरी बरामदा, हाईकोर्ट, इलाहाबाद, मो. 9559695244, 8181859252

## हमारे जनपद प्रतिनिधि

1. **गाजियाबाद में** श्री बी.के.एस. पाल मो. 9650577367
2. **गौतमबुद्धनगर में** श्री रमेश पाल खोदना मो. 9899261957
3. **अलीगढ़ में** श्री योगेश कुमार सिंह पाल मो. 9412593896
4. **लखीमपुर खीरी में** श्री अमित पाल धनगर मो. 9621968244
5. **रीवा (मध्य प्रदेश) में** श्री मोती लाल पाल मो. 9584634770
6. **गुड़गांव (हरियाणा) में** श्री राम नरेश पाल, मो. 9810967600
7. **लखनऊ में** श्री पी.के. सिंह पाल मो. 9839423719; श्री बिंदेश्वरी प्रसाद पाल मो. 9450503655
8. **सोनीपत (हरियाणा) में** श्री फत्ते सिंह पाल मो. 8816867995
9. **भोपाल में** श्री नर्मदा प्रसाद पाल मो. 9993090768
10. **भागलपुर में** श्री मनमोहन लाल पाल मो. 8004924005
11. **जौनपुर में** श्री नीलम विकास पाल मो. 8957422574
12. **हरदोई में** श्री अमित सिंह पाल मो. 8887655467
13. **इटावा में** श्रीमती विनीता पाल मो. 9891741859
14. **औरैया में** श्री मनीष पाल मो. 9758562193
15. **ललितपुर में** श्री इन्द्रपाल सिंह मो. 9695037944, 9793791944; श्री रामेश्वर पाल सिमिरिया मो. 9889577860
16. **इंदौर में** श्री दिनेश पाल मो. 8889363636
17. **जबलपुर में** श्री अनिल धनगर मो. 9165202780
18. **फरीदाबाद में** श्री देवेन्द्र कुमार होलकर मो. 9910813294
19. **फर्रुखाबाद में** श्री आवेश पाल मो. 8887698240, 9956966596
20. **मुजफ्फरनगर में** श्री शरद पाल उर्फ अभिषेक मो. 9690501498
21. **कन्नौज में** श्री राघवेन्द्र कुमार पाल मो. 708583085
22. **शाहजहाँपुर में** श्री के.पी. सिंह मो. 8840196328
23. **कौशाम्बी में** श्री श्याम कुमार पाल मो. 9621055595
24. **पलवल में** श्री नरेश कुमार बघेल मो. 8053024093; प्रोफेसर (इंजी.) भजनलाल हंस बघेल मो. 9588523484
25. **मऊ में** श्री हरिश्चंद पाल मो. 9454728541
26. **फिरोजाबाद में** श्री अनूप कुमार बघेल मो. 9557673320
27. **बिजनौर में** श्री ब्रजपाल धनगर पत्रकार मो. 9927622327, 8840524330
28. **मथुरा में** श्री संजय धनगर मो. 9412661310
29. **अयोध्या में** श्री अंजनी कुमार पाल मो. 9839500920
30. **ढाणे में** श्री अनुराग राजनरायन पाल मो. 8898985378
31. **हापुड़ में** श्री संजय पाल धनगर मो. 8868894986, 9811410592
32. **छतरपुर में** श्री रूपेन्द्र पाल मो. 9977727589, 9926102284
33. **आगरा में** श्री हरिओम बघेल (बग्गी) मो. 9411258358
34. **वाराणसी में** श्री इन्द्रदेव पाल मो. 8574027460
35. **उज्जैन में** श्री नरेन्द्र पाल मो. 9074404421
36. **देवरिया में** श्री सूरज प्रसाद पाल मो. 9415384697
37. **उन्नाव में** श्री आदर्श पाल मो. 7303226614
38. **मुरादाबाद में** श्री प्रदीप कुमार सिंह पाल मो. 9917558093,
39. **प्रतापगढ़ में** श्री धर्मेन्द्र कुमार पाल मो. 9919077729, 9621073200
40. **गोडा में** श्री मुखराम पाल मो. 9455453381, 9457341699
41. **भदोही में** श्री रवि प्रकाश पाल मो. 9451013781, 6394188797
42. **सीतापुर में** श्री आदित्य प्रकाश पाल मो. 9695207197
43. **पुणे में** श्री रणवीर सिंह बघेल मो. 9423245315
44. **बीकानेर में** श्री देवेन्द्र पाल सिंह मो. 9950564478
45. **प्रयागराज में** डॉ. कुमार रमेश मो. 8887957618
46. **लुधियाना में** डॉ. साधू राम पाल मो. 9888100609
47. **फिरोजाबाद में** श्री पहुंची लाल धनगर मो. 8755812543
48. **हाथरस में** श्री लाखन सिंह बघेल मो.9811748774
49. **चित्रकूट में** श्री शत्रुघन प्रताप पाल मो. 7991440776

## सृजन-पथ : प्रकृति का संगीत

(1)
अमर है प्रकृति का संगीत।
भंवरों, तितलियों और पक्षियों का कोमल-मधुर गीत।
पत्तों की सरसराहट और शीतल पवन।
सागर की लहरें और शांत सुंदर नील-गगन।

(2)
अनमोल है प्रकृति की संगति।
तन-मन को पावन करती प्रकृति।
सुख पतझड़ हो या हरा-भरा सावन।
प्रकृति है सदाबहार, ऋतुराज बसन्त मनभावन।

(3)
कोयल, बुलबुल, पपीहा और मोर।
धरती से अंबर तक प्रकृति की सुंदरता और संगीत का शोर।
चाहे अमावस्या की काली रात हो या हो पूर्णिमा की चांदनी रात।
हर्ष, उल्लास, उत्साह और उमंग से भरा सदा आता है सुंदर प्रभात।

(4)
कालिदास, सूरदास, रहीम, कबीर और तुलसीदास।
शेक्सपियर, मिल्टन, विलियम वर्ड्सवर्थ, कीट्स और शैली सब हैं प्रकृति के पास।
प्रकृति का संगीत है सदाबहार।
प्रकृति की संगति, सादगी और उच्च विचार।

*1. साहित्य राष्ट्र प्रेम, स्वाभिमान और मानवीय संवेदनाओं का अमर प्रकाश है; जो पीढ़ियों को देश सेवा और सृजन के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।*
*2. जब तक जीवन है, सीखते रहो।*
*3. अनुभव ही आपका सर्वोत्तम शिक्षक है।*



**-घनिष्ठ हंस,** पलवल
मो. 9599737902

## गलत दिशा में युवा पीढ़ी...

मोबाइल वालों का हो गया बोलबाला।
अपनी सोच पर लगा लिया है ताला।
सोशल मीडिया पर ऐसे भिड़ते।
जैसे भेड़ियों के खानदान के लड़ते।
नहीं इज्जत अपनों की करते।
बहन-बेटियों की बेइज्जती ये करते।
खुद की मां की चिंता नहीं।
और ना ही दूसरों की करते।
एक समाज दूसरे पर ठाड़ी।
लिए लट्ठ फरसा और कुल्हाड़ी।
ना अपने समाज का सम्मान करें।
दूसरे समाज का अपमान करें।
ऐसे युवाओं से तो वृद्ध ही भले।
जो एक-दूसरे के गले मिले।
युवाओं ने कर दिया समाज का बंटाधार।
शिक्षा की यह बात नहीं करते।
एक-दूसरे का सम्मान नहीं करते।
स्कूल-कॉलेज के लिए कभी नहीं लड़ेंगे।
यूपीएससी, एमपीएससी, नीट की बात नहीं करेंगे।
बात करेंगे लड़ाई की करेंगे।
गलियां खाकर घर में दुबकेंगे।
ऐसे युवाओं से अपील है मेरे भाई।
शिक्षा संस्कार को अपनाओ मेरे भाई।
बात करो हक अधिकारों की करो।
बात करो व्यापार की बात करो।
बात करो नौकरियों की बात करो।
बात करो समानता की बात करो।
कौन आपसे कहता है कि डाकुओं की बात करो।
जिस घर का दीपक बुझेगा उसकी माता को पता चलेगा पिता को पता चलेगा
वास्तविकता में हमारी जो पीढ़ी है
वह गलत दिशा में जा रही है।
गलत शब्दों का चयन न करें
ना गलत सुनें न गलत कहें
ना किसी समाज को गलत कहें।
एक-दूसरे से भाईचारा बना करके
इस संसार में रहें।



**-हरिओम सिंह बघेल,** ग्वालियर
मो.9977554274

## बिकाऊ साहित्यकार...

मैं
बिकाऊ साहित्यकार हूँ साहब
कभी था टिकाऊ पर अब नहीं...
चिल्लरों में खरीद लो मुझे
मैं गरीबी में पला-बढ़ा
हौसलों से साहित्यकार बना
जन्म से लेकर अब मृत्यु तक
गरीब साहित्यकार बनकर
मरना नहीं चाहता।
मैं बिकाऊ हूं साहब
आटा, नमक, तेल, मसाला
सबका हिसाब रखता हूं
परंतु इनकी खरीद का
भुगतान नहीं कर पाता हूं
कभी समाज का बड़ा
हितचिंतक था मैं
राष्ट्र के लिए जिया और
राष्ट्र के लिए लिखा
पर अब उस लिखे हुए का
कोई मूल्य नहीं
मैं पीछे रह गया
और मेरी गरीबी आगे
निकल गई...
मैं बिकाऊ साहित्यकार
हूं साहब
कोई तो खरीद लो मुझे?



**-मुकेश कुमार ऋषि वर्मा**
गॉव-रिहावली, डाक-तारौली गुर्जर,
फतेहाबाद, आगरा-283111
मो. 9627912535

## हम कलयुगी मानव!

हम कलयुगी मानव, छलिया, पापी हो गए!
तन, मन, धन, कुल, वंश के, घाती हो गए!
पक्षपात, परिवारवाद के, खनके सिक्के
मुखिया बन कर, नैतिकता को, मारें धक्के
रिश्ते-नाते, इन दूल्हों के, बराती हो गए!
हम कलयुगी मानव, छलिया, पापी हो गए!
नशा, गरीबी में, डूबती जाए जनता
गुटबाजी के दरिया में, कोई फूल जो खिलता
नए विचारों को रौंदते, हाथी हो गए!
हम कलयुगी मानव, छलिया, पापी हो गए!
जिधर देखिए, उधर ही रुपिया दाम चले
ईश्वर, अल्लाह, बुद्ध,
स्वयं के धाम चले
सद्चिंतन के नाशक,
आत्मघाती हो गए!
हम कलयुगी मानव,
छलिया, पापी हो गए!



**-जोहन पाल,** सेंदरी, बिलासपुर
मो. 7974025985

## मैं सघन आयाम बिच!

(मधुगीति 260202 बी) 16:12
मैं सघन आयाम बिच,
